## समाचार

## स्वच्छता व्यक्ति के स्वस्थ मन एवं स्वस्थ जीवन का आधार है–महापौर

### (नवनिर्मित 05 सुलभ काम्पलेक्सों को जनसेवा में समर्पित किया महापौर एवं नगर विधायक ने )




कोरबा 12 अगस्त 2015 –महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने आज कहा कि वातावरण में स्वच्छता होना अतिआवश्यक है, स्वच्छता व्यक्ति के स्वस्थ मन एवं स्वस्थ जीवन का आधार है, वातावरण की स्वच्छता व्यक्ति में स्फूर्ति व ताजगी का प्रसार करती है। अपने आसपास के परिवेश को स्वच्छ रखना हम सभी का दायित्व है, हमे इस दायित्व का निर्वहन पूरी ऊर्जा के साथ करना होगा। उन्होने कहा कि निगम क्षेत्र में सुलभ काम्पलेक्सों के निर्माण से स्वच्छता संबंधी कार्यो में मजबूती आएगी तथा इसके सार्थक परिणाम प्राप्त होंगे।

उक्ताशय के विचार महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने सुभाष चौक में आयोजित 05 नग सुलभ काम्पलेक्सों के लोकार्पण कार्यक्रम के दौरान व्यक्त किये। नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा वार्ड क्र. 20 सुभाष चौक के समीप, वार्ड क्र. 10 सीतामणी में, वार्ड क्र. 08 इमलीडुग्गू में, वार्ड क्र. 32 कोसाबाड़ी में तथा वार्ड क्र. 54 सर्वमंगला मंदिर के समीप सुलभ शौचालयों एवं स्नानागार का निर्माण सुलभ इंटरनेशनल के माध्यम से कराया गया है। प्रत्येक सुलभ काम्पलेक्स की पृथक–पृथक लागत 16 लाख 67 हजार रूपये है, इस प्रकार 82 लाख 85 हजार रूपये की लागत से निर्मित इन 05 नग सुलभ काम्पलेक्सों का लोकार्पण आज महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल एवं नगर विधायक श्री जयसिंह अग्रवाल के हाथों सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर नगर विधायक श्री जयसिंह अग्रवाल ने कहा कि वास्तव में स्वच्छता को बनाये रखने में सुलभ काम्पलेक्सों व सार्वजनिक शौचालयों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है, सुलभ काम्पलेक्सों के निर्माण से खुले में शौच करने की मजबूरी नहीं रहेगी। उन्होने कहा कि निहारिका क्षेत्र व्यस्ततम एवं भीड़भाड वाला क्षेत्र है, साथ ही यहां से लगी हुई स्लम बस्तियां हैं, लोगों का आवागमन भी ज्यादा मात्रा में होता है, यहां पर सुलभ काम्पलेक्स के निर्माण से लोगों को सुविधा प्राप्त होगी, निगम के चार और वार्डो में सुलभ काम्पलेक्स बनाये गये हैं, जिन्हें आज जनसेवा में समर्पित किया गया। उन्होने कहा कि मै निगम से अपेक्षा करूंगा कि जिन वार्डो में आवश्यकता है, वहां पर भी सुलभ काम्पलेक्सों का निर्माण किया जाए। विधायक श्री अग्रवाल ने आगे कहा कि मुझे प्रसन्नता है कि महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल की अगुवाई में निगम विकास कार्यो को सही गति व दिशा दे रहा है तथा आमजन को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में सार्थक कदम उठाए जा रहे हैं। लोकार्पण कार्यक्रम का संचालन एम.आई.सी. सदस्य महेन्द्र सिंह चौहान द्वारा किया तथा आभार प्रदर्शन पार्षद मनहरण राठौर ने किया।

लोकार्पण कार्यक्रम के दौरान सभापति धुरपाल सिंह कंवर, जिला कांग्रेस कमेटी शहर के जिलाध्यक्ष राजकिशोर प्रसाद, पूर्व सभापति संतोष राठौर, एम.आई.सी. सदस्य महेन्द्र सिंह चौहान, दिनेश सोनी एवं संतोष राय, पार्षद मनहरण राठौर एवं दुकालू श्रीवास, महिला कांग्रेस की प्रदेश महामंत्री संगीता सक्सेना, महिला कांग्रेस शहर जिलाध्यक्ष सपना चौहान, कुसुम द्विवेदी, प्रेमलता मिश्रा, पूर्व पार्षद गौरी राठौर, सेवादल  जिलाध्यक्ष संतोष लांझेकर, लता जायसवाल, कांति सोनी, शांता मंढावे, सीमा उपाध्याय, अर्चना राकून्डे, नुसरत खान, पूर्वी बनर्जी, निगम के कार्यपालन अभियंता आर.के. माहेश्वरी, डॉ. संजय तिवारी, लीलाधर पटेल, राकेश मसीह, प्रदीप मजूमदार, श्यामसुंदर अग्रवाल, चन्द्रकांत यादव आदि के साथ अन्य लोग उपस्थित थे।